# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## CUH signed MoU with and Offset Printer's Association

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 01.10.2021**

**पहल** अनुसंधान क्षेत्रों को साझा करने के साथ नवीनतम तकनीक में सहयोग प्रदान करेंगे

# हकेविवि ने ओपीए के साथ किया समझौता

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय और ऑफसेट प्रिंटर एसोसिएशन (ओपीए) शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार, प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के क्षेत्र में संसाधनों और शैक्षिक मोर्चे पर मिलकर काम करेंगे। दोनों संस्थानों ने इस संबंध में आपसी साझेदारी के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। समझौते के बाद अब हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षक, छात्र संयुक्त रूप से उपलब्ध औद्योगिक संसाधनों का उपयोग प्रशिक्षण, कौशल विकास के उद्देश्यों के लिए मिलकर कर सकेंगे।



समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार और प्रो. कमल।

समझौता ज्ञापन पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने जबकि ऑफसेट प्रिंटर एसोसिएशन (ओपीए) की ओर से महासचिव प्रो. कमल मोहन चोपड़ा ने हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस समझौते का उद्देश्य औद्योगिक प्रशिक्षण के साथ-साथ दोनों संस्थानों के बीच अनुसंधान क्षेत्रों को साझा करने के साथ नवीनतम तकनीक में सहयोग प्रदान करना है। इस प्रयास के तहत इस क्षेत्र में नवीनतम रुझानों, औद्योगिक प्रशिक्षण, यात्राओं, इंटर्नशिप और छात्रों के प्लेसमेंट, कौशल विकास कार्यक्रम, विशेषज्ञ व्याख्यान, संकाय विकास कार्यक्रमों के अनुसार बेहतर पाठ्यक्रम डिजाइन का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 01.10.2021**

## हकेवि ने ऑफसेट प्रिंटर एसो. के साथ किए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर



समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते वीसी प्रो. टंकेश्वर कुमार और प्रो. कमल मोहन चोपड़ा।

**महेंद्रगढ़** | हकेवि, महेंद्रगढ़ और ऑफसेट प्रिंटर एसोसिएशन (ओपीए) शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार, प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के क्षेत्र में संसाधनों और शैक्षिक मोर्चे पर मिलकर काम करेंगे। दोनों संस्थानों ने इस संबंध में आपसी साझेदारी के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के बाद अब विवि के शिक्षक और छात्र संयुक्त रूप से उपलब्ध औद्योगिक संसाधनों का उपयोग प्रशिक्षण और कौशल विकास के उद्देश्यों के लिए मिलकर कर सकेंगे। समझौता ज्ञापन पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने हस्ताक्षर किए, जबकि ऑफसेट प्रिंटर एसोसिएशन (ओपीए) की ओर से महासचिव प्रो. कमल मोहन चोपड़ा ने हस्ताक्षर किए।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य औद्योगिक प्रशिक्षण के साथ-साथ दोनों संस्थानों के बीच अनुसंधान क्षेत्रों को साझा करने के साथ-साथ नवीनतम तकनीक में सहयोग प्रदान करना है। इस प्रयास के तहत इस क्षेत्र में नवीनतम रुझानों, औद्योगिक प्रशिक्षण और यात्राओं, इंटर्नशिप और छात्रों के प्लेसमेंट, कौशल विकास कार्यक्रम, विशेषज्ञ व्याख्यान और संकाय विकास कार्यक्रमों के अनुसार बेहतर पाठ्यक्रम डिजाइन का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा। इस अवसर पर स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता डॉ. राजेश कुमार दुबे, कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा, गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के प्रो. एके बराल, जालंधर प्रिंटर्स एसोसिएशन के महासचिव अश्वनी के साथ विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टैक्नोलॉजी विभाग के प्रभारी संदीप बूरा, सहायक आचार्य अनिल कुंडू, शम्मी मेहरा और तरुण सिंह भी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 01.10.2021**

# अनुसंधान व शैक्षणिक मोर्चे पर सहयोग के लिए करेंगे काम

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ और आफसेट प्रिंटर एसोसिएशन (ओपीए) शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार, प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के क्षेत्र में संसाधनों और शैक्षिक मोर्चे पर मिलकर काम करेंगे। दोनों संस्थानों ने इस संबंध में आपसी साझेदारी के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के बाद अब हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षक और छात्र संयुक्त रूप से उपलब्ध औद्योगिक संसाधनों का उपयोग प्रशिक्षण और कौशल विकास के उद्देश्यों के लिए मिलकर कर सकेंगे। समझौता ज्ञापन पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने हस्ताक्षर किए, जबकि आफसेट प्रिंटर एसोसिएशन (ओपीए) की ओर से महासचिव प्रो. कमल मोहन चोपड़ा ने हस्ताक्षर किए।



समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते हकेंवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर (दाएं से दूसरे) और आफसेट प्रिंटर एसोसिएशन के महासचिव प्रो. कमल मोहन चौपड़ा ● साभार हकेंवि

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य औद्योगिक प्रशिक्षण के साथ-साथ दोनों संस्थानों के बीच अनुसंधान क्षेत्रों को साझा करने के साथ-साथ नवीनतम तकनीक में सहयोग प्रदान करना है। इस साझेदारी में दोनों संस्थान एक साथ आएंगे और अनुसंधान और शैक्षणिक मोर्चे पर सहयोग के लिए एक मोर्चे पर काम करेंगे। इस प्रयास के तहत इस क्षेत्र में नवीनतम रुझानों, औद्योगिक प्रशिक्षण और यात्राओं, इंटर्नशिप और छात्रों के प्लेसमेंट, कौशल विकास कार्यक्रम, विशेषज्ञ व्याख्यान और संकाय विकास कार्यक्रमों के अनुसार बेहतर पाठ्यक्रम डिजाइन का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा। इस अवसर पर स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी के अधिष्ठाता डा. राजेश कुमार दुबे, कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा, गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के प्रो. एके बराल, जालंधर प्रिंटर्स एसोसिएशन के महासचिव अश्वनी के साथ विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलाजी विभाग के प्रभारी संदीप बूरा, सहायक आचार्य अनिल कुंडू, शम्मी मेहरा और तरुण सिंह भी उपस्थित रहे।

**समझौता**

- हकेंवि ने आफसेट प्रिंटर एसो. के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए
- प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काम करेंगे दोनों संस्थान

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 01.10.2021**

**उपलब्धि**

**हकेंवि ने ऑफसेट प्रिंटर एसोसिएशन के साथ किए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर**

# प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार व प्रशिक्षण व प्लेसमेंट के लिए मिलकर काम करेंगे दोनों संस्थान

## बेहतर पाठ्यक्रम डिजाइन का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय और ऑफसेट प्रिंटर एसोसिएशन (ओपीए) शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार, प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के क्षेत्र में संसाधनों और शैक्षिक मोर्चे पर मिलकर काम करेंगे। दोनों संस्थानों ने इस संबंध में आपसी साझेदारी के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के बाद अब हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षक और छात्र संयुक्त रूप से उपलब्ध औद्योगिक संसाधनों का उपयोग प्रशिक्षण और कौशल विकास के उद्देश्यों के लिए मिलकर कर सकेंगे। समझौता ज्ञापन पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो टंकेश्वर कुमार ने हस्ताक्षर किए, जबकि ऑफसेट प्रिंटर एसोसिएशन (ओपीए) की ओर से महासचिव प्रो. कमल मोहन चोपड़ा ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता डॉ. राजेश कुमार दुबे, कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा, गुरू जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के प्रो. एके बराल, जालंधर प्रिंटर्स एसोसिएशन के महासचिव अश्वनी के साथ विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टैक्नोलॉजी विभाग के प्रभारी संदीप बूरा, सहायक आचार्य अनिल कुंडु, शम्मी मेहरा और तरुण सिंह उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। हस्ताक्षर करते हुए सीयू के वीसी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### नवीनतम तकनीक में सहयोग प्रदान करना ही उद्देश्य

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य औद्योगिक प्रशिक्षण के साथ-साथ दोनों संस्थानों के बीच अनुसंधान क्षेत्रों को साझा करने के साथ-साथ नवीनतम तकनीक में सहयोग प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी में दोनों संस्थान एक साथ आएंगे और अनुसंधान और शैक्षणिक मोर्चे पर सहयोग के लिए एक मोर्चे पर काम करेंगे। इस प्रयास के तहत इस क्षेत्र में नवीनतम रुझानों, औद्योगिक प्रशिक्षण और यात्राओं, इंटर्नशिप और छात्रों के प्लेसमेंट, कौशल विकास कार्यक्रम, विशेषज्ञ व्याख्यान और संकाय विकास कार्यक्रमों के अनुसार बेहतर पाठ्यक्रम डिजाइन का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 01.10.2021**

## हकेंवि ने ऑफसैट प्रिंटर एसोसिएशन के साथ समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

### प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार और प्रशिक्षण व प्लेसमैंट के लिए मिलकर काम करेंगे दोनों संस्थान

महेंद्रगढ़, 30 सितम्बर (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ और ऑफसैट प्रिंटर एसोसिएशन (ओ.पी.ए.) शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार, प्रशिक्षण और प्लेसमैंट के क्षेत्र में संसाधनों और शैक्षिक मोर्चे पर मिलकर काम करेंगे। दोनों संस्थानों ने इस संबंध में आपसी सांझेदारी के लिए एक समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए।



समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार और प्रो. कमल मोहन चोपड़ा।

इस समझौते के बाद अब हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षक और छात्र संयुक्त रूप से उपलब्ध औद्योगिक संसाधनों का उपयोग प्रशिक्षण और कौशल विकास के उद्देश्यों के लिए मिलकर काम कर सकेंगे। समझौता ज्ञापन पर हकेंवि की ओर से कुलपति प्रो. टंकेश्वर, जबकि ओ.पी.ए. की ओर से महासचिव प्रो. कमल मोहन चोपड़ा ने हस्ताक्षर किए।

विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य औद्योगिक प्रशिक्षण के साथ-साथ दोनों संस्थानों के बीच अनुसंधान क्षेत्रों को सांझा करना और नवीनतम तकनीक में सहयोग प्रदान करना है।

इस प्रयास के तहत इस क्षेत्र में नवीनतम रुझानों, औद्योगिक प्रशिक्षण और यात्राओं, इंटर्नशिप और छात्रों के प्लेसमैंट, कौशल विकास कार्यक्रम, विशेषज्ञ व्याख्यान और संकाय विकास कार्यक्रमों के अनुसार बेहतर पाठ्यक्रम डिजाइन का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा।

इस अवसर पर स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी के अधिष्ठाता डा. राजेश कुमार दुबे, कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के प्रो. ए.के. बराल, जालंधर प्रिंटर्स एसोसिएशन के महासचिव अश्वनी के साथ विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टैक्नोलॉजी विभाग के प्रभारी संदीप बूरा, सहायक आचार्य अनिल कुंडू, शम्मी मेहरा और तरुण सिंह भी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari (Rewari)** **Date: 01.10.2021**

# हकेवि ने ऑफसेट प्रिंटर एसोसिएशन के साथ किया समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर



**महेंद्रगढ़**, प्रवीण कुमार ( पंजाब केसरी ) : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ और ऑफसेट प्रिंटर एसोसिएशन (ओपीए) शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार, प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के क्षेत्र में संसाधनों और शैक्षिक मोर्चे पर मिलकर काम करेंगे। दोनों संस्थानों ने इस संबंध में आपसी साझेदारी के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के बाद अब हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षक और छात्र संयुक्त रूप से उपलब्ध औद्योगिक संसाधनों का उपयोग प्रशिक्षण और कौशल विकास के उद्देश्यों के लिए मिलकर कर सकेंगे। समझौता ज्ञापन पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो टंकेश्वर कुमार ने हस्ताक्षर किए, जबकि ऑफसेट प्रिंटर एसोसिएशन (ओपीए) की ओर से महासचिव प्रो. कमल मोहन चोपड़ा ने हस्ताक्षर किए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य औद्योगिक प्रशिक्षण के साथ-साथ दोनों संस्थानों के बीच अनुसंधान क्षेत्रों को साझा करने के साथ-साथ नवीनतम तकनीक में सहयोग प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी में दोनों संस्थान एक साथ आएंगे और अनुसंधान और शैक्षणिक मोर्चे पर सहयोग के लिए एक मोर्चे पर काम करेंगे। इस प्रयास के तहत इस क्षेत्र में नवीनतम रुझानों, औद्योगिक प्रशिक्षण और यात्राओं, इंटर्नशिप और छात्रों के प्लेसमेंट, कौशल विकास कार्यक्रम, विशेषज्ञ व्याख्यान और संकाय विकास कार्यक्रमों के अनुसार बेहतर पाठ्यक्रम डिजाइन का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा।